सत्यमेव जयते

# प्रेस नोट

# PRESS NOTE

## अनिगमित सेक्टर के उद्यमों (ए.एस.यू.एस.ई) का वार्षिक सर्वेक्षण

## ANNUAL SURVEY OF UNINCORPORATED SECTOR ENTERPRISES (ASUSE)

**भारत सरकार**
**Government of India**
**सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय**
**Ministry of Statistics and Programme Implementation**
**राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय**
**National Sample Survey Office**

**भारत सरकार**
**सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय**

**ज्येष्ठ 24, शक संवत 1946**
**14 जून,2024**

**प्रेस नोट**

## वर्ष 2021-22 और 2022-23 के अनिगमित क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण (ASUSE) के परिणाम

(*संदर्भ एवं सर्वेक्षण अवधि*: ASUSE 2021-22 *के लिए अप्रैल*, 2021 *से मार्च*, 2022; ASUSE 2022-23 *के लिए अक्टूबर*, 2022 *से सितंबर*, 2023)

***अप्रैल, 2021 से मार्च, 2022 की तुलना में अक्टूबर,2022 से सितंबर, 2023 की अवधि के दौरान स्थापनाओं की अनुमानित संख्या में 5.88% की वृद्धि हुई है|***

***इस अवधि के दौरान क्षेत्र में श्रमिकों की अनुमानित संख्या में 7.84% की सुदृढ़ वृद्धि देखी गई है|***

***इस अवधि के दौरान सकल मूल्य वर्धित (GVA) में भी 9.83% (मौजूदा मूल्य पर) की वृद्धि हुई है|***

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI), इस प्रेस नोट के माध्यम से अप्रैल, 2021 से मार्च 2022 (ASUSE 2021-22) और अक्टूबर, 2022 से सितंबर, 2023 (ASUSE 2022-23) की संदर्भ अवधि के लिए अनिगमित क्षेत्र उद्यमों (ASUSE) के वार्षिक सर्वेक्षण के प्रमुख परिणाम जारी कर रहा है। कवरेज, प्रतिदर्शकरण योजना, डेटा संग्रह क्रियाविधि आदि के संदर्भ में सर्वेक्षण के बारे में एक संक्षिप्त विवरण एंडनोट में दिया गया है।

अनिगमित गैर-कृषि क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जो रोजगार, सकल घरेलू उत्पाद (GDP) और समग्र सामाजिक-आर्थिक लैंडस्केप में महत्वपूर्ण योगदान देता है। यह क्षेत्र आपूर्तिकर्ताओं और सेवा प्रदाताओं के रूप में कार्य करके निगमित क्षेत्र का भी समर्थन करता है, जिससे घरेलू मूल्य श्रृंखला का एक अभिन्न अंग बनता है।

इस क्षेत्र की आर्थिक और परिचालन गतिशीलता को वास्तविक रूप से कैप्चर करने के लिए, ASUSE की अवधारणा राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) द्वारा विनिर्माण, व्यापार और अन्य सेवा क्षेत्र (निर्माण को छोड़कर) में अनिगमित गैर-कृषि प्रतिष्ठानों की विभिन्न आर्थिक और परिचालन विशेषताओं को विशेष रूप से मापने के लिए की गई थी। ASUSE के आंकड़ों से राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी के संकलन में मदद मिलेगी और इस क्षेत्र में रोजगार परिदृश्य का आकलन करने में भी मदद मिलेगी। इससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई), वस्त्र मंत्रालय, श्रम और रोजगार मंत्रालय आदि जैसे विभिन्न मंत्रालयों की आवश्यकताओं को पूरा करने में भी मदद मिलेगी। यह डेटा नीति निर्माताओं, शोधकर्ताओं और अन्य हितधारकों के लिए अर्थव्यवस्था के इस महत्वपूर्ण खंड को बेहतर ढंग से समझने और समर्थन करने के लिए भी आवश्यक है।

### ASUSE के पहले पूर्ण सर्वेक्षण पर कोविड महामारी का प्रभाव (ASUSE 2021-22):

ASUSE 2021-22 की सर्वेक्षण अवधि, विशेष रूप से अप्रैल-जून, 2021 की अवधि, महामारी की दूसरी लहर से गंभीर रूप से प्रभावित हुई है और फलतः सर्वेक्षण में काफी हद तक बाधा उत्पन्न हुई है। परिणामस्वरूप,

ASUSE 2021-22 के समग्र वार्षिक कुल अनुमान प्रभावित हुए। इस संदर्भ में, नीचे दी गई तालिका 1 में अलग-अलग सर्वेक्षण अवधियों (प्रचार अवधि), यानी अप्रैल-जून, 2021, जुलाई-सितंबर, 2021, अक्टूबर-दिसंबर, 2021 और जनवरी-मार्च, 2022 का योगदान स्थापनाओं और श्रमिकों की कुल अनुमानित संख्या में दिया गया है।

तालिका 1 यह दर्शाता है कि सर्वेक्षण की पहली तिमाही, यानी अप्रैल-जून, 2021 को महामारी के कारण सबसे अधिक नुकसान हुआ है और स्थापनाओं और श्रमिकों की संख्या बहुत कम दर्ज की गई है। इसके कारण समग्र वार्षिक अनुमान भी काफी हद तक प्रभावित हुए। ऐसा प्रतीत होता है कि अनिगमित विनिर्माण, व्यापार और अन्य सेवा गतिविधियां महामारी की दूसरी लहर से बुरी तरह प्रभावित हुईं; हालांकि, जुलाई, 2021 से स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हुआ।

**तालिका 1: ASUSE 2021-22 में स्थापनाओं और श्रमिकों की अनुमानित संख्या में सर्वेक्षण अवधि का योगदान***

**अखिल भारतीय**

| सर्वेक्षण अवधि | स्थापनाओं की अनुमानित संख्या ('00 में) | श्रमिकों की अनुमानित संख्या ('00 में) |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| **अप्रैल-जून, 2021** | 50,323 | 85,620 |
| **जुलाई-सितंबर, 2021** | 1,73,904 | 2,84,152 |
| **अक्टूबर-दिसंबर, 2021** | 1,80,957 | 2,96,348 |
| **जनवरी-मार्च, 2022** | 1,91,843 | 3,12,759 |
| **कुल** | **5,97,027** | **9,78,879** |

* संदर्भ अवधि, अप्रैल,*2021* – मार्च, *2022*

**ASUSE 2021-22 और ASUSE 2022-23 परिणामों की मुख्य विशेषताएँ**

**अनिगमित क्षेत्र का लचनशील विकास:**

यह परिणाम COVID महामारी के बाद अनिगमित क्षेत्र द्वारा दिखाए गए लचीलेपन को प्रदर्शित करते हैं। इस क्षेत्र में **स्थापनाओं की कुल संख्या** 2021-22 में 5.97 करोड़ से बढ़कर 2022-23 में 6.50 करोड़ हो गई, जो 5.88% वार्षिक वृद्धि[1] को दर्शाता है।

कवरेज के तहत व्यापक क्षेत्रों में, **अन्य सेवा क्षेत्र** में **स्थापनाओं की संख्या** में वार्षिक 15.12% की वृद्धि हुई, जो एक मजबूत क्षेत्रीय विस्तार का संकेत देता है, जबकि विनिर्माण स्थापनाओं की संख्या में 2.22% की वृद्धि हुई, जो महामारी की अवधि के बाद इस क्षेत्र के क्रमिक उद्घाटन को दर्शाती है।

इसी अवधि के दौरान, **सकल मूल्य वर्धित (जीवीए)**[2] जो आर्थिक प्रदर्शन का एक प्रमुख संकेतक है, में 9.83% की वार्षिक वृद्धि देखी गई। इस जीवीए वृद्धि के प्रमुख योगदानकर्ताओं को **विनिर्माण और अन्य सेवा क्षेत्रों** के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। विनिर्माण जीवीए में वार्षिक 19.14% की वृद्धि हुई, जबकि अन्य सेवाओं के लिए जीवीए में 18.90% की वृद्धि हुई।

**श्रम बाजार और रोजगार के अवसरों का विस्तार**


---


[1] *इस प्रेस नोट में दिये गए सभी वृद्धि दर CAGR है और सभी मूल्य आंकड़े वर्तमान मूल्य में है |*

[2] *जीवीए की गणना आउटपुट के सकल मूल्य से मध्यवर्ती खपत (इनपुट) को घटाकर की जाती है।*

अनिगमित गैर-कृषि क्षेत्र ने अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 तक लगभग 11 करोड़ **श्रमिकों** को रोजगार दिया, जो 2021-22 में 9.8 करोड़ से अधिक है। यह एक स्वस्थ श्रम बाजार वृद्धि दर्शाता है। यह 7.84% वार्षिक वृद्धि, रोजगार पैदा करने की क्षेत्र की क्षमता को प्रदर्शित करती है।

इन दो वर्षों में स्थापनाओं और श्रमिकों की क्षेत्र-वार, अनुमानित संख्या क्रमशः रेखाचित्र 1 और रेखाचित्र 2 में दर्शाई गई है।




इस अवधि के दौरान रोजगार में अधिकतम वार्षिक वृद्धि **अन्य सेवा क्षेत्र** (13.42%) में देखी गई, इसके बाद **विनिर्माण क्षेत्र** (6.34%) का स्थान रहा।

गैर-कृषि अनिगमित क्षेत्र में अधिकांश श्रमिक अनौपचारिक श्रमिक हैं। सर्वेक्षण से पता चलता है कि अनौपचारिक श्रमिकों की **औसत वार्षिक आय** 2022-23 में बढ़कर 1,10,982 रुपये हो गई, जो 2021-22 में 1,06,381 रुपये थी। यह अनौपचारिक क्षेत्र में बेहतर वेतन स्थितियों को दर्शाता है।

## उत्पादकता में सुधार

**प्रति श्रमिक सकल मूल्य वर्धित** जो इस क्षेत्र की श्रम उत्पादकता का एक उपाय है, 2022-23 में बढ़कर 1,41,769 रुपये हो गया, जो 2021-22 में 1,38,207 रुपये था। इसी अवधि के दौरान, **प्रति स्थापना उत्पादन का सकल मूल्य (जीवीओ)** भी 3,98,304 रुपये से बढ़कर 4,63,389 रुपये हो गया।

यह श्रम सहित संसाधनों के अधिक कुशल उपयोग के साथ बढ़ी हुई उत्पादकता को प्रदर्शित करता है, जो निरंतर आर्थिक विकास और प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए महत्वपूर्ण है।

ASUSE 2022-23 और ASUSE 2021-22 से संबंधित प्रमुख संकेतकों (वर्तमान मूल्य में मूल्य के आंकड़े) के वार्षिक अनुमान नीचे तालिका 2 में दिए गए हैं। इसके अलावा, ASUSE 2021-22 के अनुमान वार्षिक (अप्रैल, 2021 - मार्च, 2022) के साथ-साथ 3 महीने की अवधि (अप्रैल, 2021 - जून, 2021) और 9 महीने की अवधि (जुलाई, 2021 - मार्च, 2022) के लिए अलग से प्रस्तुत किए जाते हैं और ASUSE 2022-23 (अक्टूबर, 2022 - सितंबर, 2023) के वार्षिक अनुमानों के साथ ही मंत्रालय की वेबसाइट (https://www.mospi.gov.in) में उपलब्ध फैक्टशीट में प्रदान किए जाते हैं।

तालिका 2: ASUSE 2021-22 और ASUSE 2022-23 के प्रमुख संकेतक

अखिल भारतीय

| **संकेतक** | **ASUSE 2021-22 (अप्रैल, 2021 - मार्च, 2022)** | **ASUSE 2022-23 (अक्टूबर, 2022 - सितंबर, 2023)** |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| स्थापनाओं की संख्या ('00 में) | 5,97,027 | 6,50,484 |
| श्रमिकों की संख्या ('00 में) | 9,78,879 | 10,96,260 |
| सकल मूल्य वर्धित (करोड़ रुपये)* | 13,40,046 | 15,42,409 |
| आउटपुट का सकल मूल्य (जीवीओ)* (रु.) प्रति स्थापना | 3,98,304 | 4,63,389 |
| जीवीए (रु.) प्रति स्थापना*(रु.) | 2,25,362 | 2,38,168 |
| जीवीए प्रति श्रमिक* (रु.) | 1,38,207 | 1,41,769 |

*बाजार स्थापनाओं से संबंधित[3]

[3] *बाजार स्थापना वह होती है जो अपने अधिकांश उत्पादित वस्तुओं और/या सेवाओं को आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण कीमत पर प्रदान करती है। ASUSE सर्वेक्षण में प्रतिष्ठानों में से 99% से अधिक बाजार स्थापना हैं।*

**एंडनोट**: **अनिगमित क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण (**ASUSE) **में कवरेज**, **प्रतिदर्शकरण योजना**, **प्रतिदर्श आकार और डेटा संग्रह क्रियाविधि के बारे में एक संक्षिप्त जानकारी**:

**A. ASUSE का कवरेज**:

A.1.भौगोलिक रूप से: ASUSE पूरे भारत के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों को कवर करता है (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के गांवों को छोड़कर, जहां पहुंचना कठिन है)।

A.2.क्षेत्र-वार: इस सर्वेक्षण में तीन क्षेत्रों उत्पादन, व्यापार एवं अन्य सेवाओं से संबंधित अनिगमित गैर-कृषि स्थापनाओं को शामिल किया गया है।

A.3.स्वामित्व-वार: स्वामित्व, सांझेदारी से संबन्धित अनिगमित गैर-कृषि स्थापनाओं (सीमित देयता सांझेदारी को छोड़कर), स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), सहकारी समितियों, समितियों / ट्रस्ट आदि को ASUSE में शामिल किया गया है।

**B. प्रतिदर्शकरण योजना:**

सर्वेक्षण एक बहु-चरणस्तरीकृत प्रतिदर्श योजना के बाद आयोजित किया गया है**,** जहां पहले चरण की इकाइयां (एफएसयू) ग्रामीण (ग्रामीण केरल को छोड़कर**,** जहां पंचायत वार्डों को FSU के रूप में लिया गया है) और शहरी क्षेत्रों में यूएफएस (शहरी फ्रेम सर्वेक्षण) ब्लॉक हैं। अंतिम चरण इकाइयां (**USUs**) दोनों क्षेत्रों के लिए स्थापनाएं हैं। बड़े एफ एस यू के मामले में**,** प्रतिदर्श लेने का एक मध्यवर्ती चरण ग्रामीण में हैमलेट-समूहों और शहरी में उप-ब्लॉकों के रूप में किया गया है।

**C. प्रतिदर्श का आकार:**

ASUSE 2021-22 में, सर्वेक्षण किए गए 16,199 FSU (ग्रामीण में 8,425 और शहरी में 7,774) से कुल 4,16,269 स्थापनाओं (ग्रामीण में 2,39,981 और शहरी में 1,76,288) से डेटा एकत्र किया गया था, जबकि ASUSE 2022-23 में, 16,382 FSU (ग्रामीण में 8,495 और शहरी में 7,887) से 4,58,938 स्थापनाओं (ग्रामीण में 2,58,296 और शहरी में 2,00,642) का सर्वेक्षण किया गया था।

**D**. **डेटा संग्रह क्रियाविधि**:

ASUSE 2021-22 और ASUSE 2022-23 दोनों ही क्षेत्र फ्रेम के आधार पर आयोजित किए गए हैं और स्थापनाओं को ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के चयनित FSU में सूची बद्ध किया गया है। कुछ बड़े स्थापनाओं , जिन्होंने अपनी लेखा परीक्षित खाता बही (Book of Accounts) से वार्षिक डेटा प्रदान किया था, को छोड़कर अधिकांशतः डेटा 'मासिक' संदर्भ अवधि से संबंधित मौखिक पूछताछ के माध्यम से चयनित स्थापनाओं से एकत्र किया गया था। ASUSE 2021-22, ASUSE पर पहला पूर्ण सर्वेक्षण, पेन-एंड-पेपर पर्सनल इंटरव्यू (PAPI) मोड में आयोजित किया गया है; जबकि ASUSE 2022-23 कंप्यूटर असिस्टेड पर्सनल इंटरव्यू (CAPI) मोड में आयोजित किया गया है।